संक्षिप्त

मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक

जालोर, (कासं)। सामान्य चिकित्सालय जालोर की राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए विशेष दिशा निर्देश प्रदान दिए। बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय जालोर में नवीन एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण कार्य एवं एमसीएच रोसेन्टर में एसटीपी प्लांट को सुचारू करवाने, एमसीएच सेन्टर जालोर के सम्पूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने व शौचालय में साफ-सफाई व रख-रखाव करने, जिला चिकित्सालय एवं एमसीएच सेन्टर के लिए यूटीबी पर 6 चिकित्सक लगवाने, ब्लड बैंक में रंग रोगन का कार्य करवाने, जिला चिकित्सालय में बेन्टर परिसर में दीवार एवं छत्त मरम्मत का कार्य करवाने, जिला चिकित्सालय जालोर में मेडिसन वार्ड एवं बर्न वार्ड के गबर में पाईप एवं डीप का कार्य करवाने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा, एमसीएच के डीसी डॉ. नैनमल परमार, सहायक लेखाधिकारी प्रथम इन्द्रजीत मेहता आदि उपस्थित रहे।

डूंगरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को चितलवाना पंचायत समिति की डूंगरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर चितलवाना उपखण्ड अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

अजय केवलिया प्रदेश मंत्री बने

पोकरण, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश व्यास ने महासंघ के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जैसलमेर के कर्मचारी नेता अजय केवलिया को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेश व्यास ने बताया कि अजय केवलिया न केवल जैसलमेर जिले के कर्मचारियों के हितों के लिए सक्रिय रहते हैं, बल्कि पूरे राजस्थान के कर्मचारियों के हितों की आवाज भी बुलंद करते रहे हैं।

स्मार्ट सिटी के शहर के वॉलसिटी वार्डों में होगी अब रोज पानी आएगा

उदयपुर, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के प्रयासों से दीपोत्सव पर रविवार से स्मार्ट सिटी के वॉलसिटी वार्डों में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति होगी जो रविवार से शुरू होगी। इसके लिए वॉलसिटी के वार्डों का समय भी तय कर दिया है।

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि स्मार्ट सिटी के वॉलसिटी के वार्डों में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति को लेकर लम्बे समय से प्रयास किए जा रहे थे और इसके लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों से लगातार अपडेट लिया जा रहा था। जलदाय विभाग भी कई समय से स्मार्ट सिटी के वॉलसिटी के सभी वार्डों में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति के लिए व्यवस्था सुचारू करने का काम कर रहा था। पूरी व्यवस्था सुचारू होने के बाद अब रविवार से स्मार्ट सिटी के वॉलसिटी वार्डों में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति शुरू की जा रही है, जिससे स्मार्ट सिटी के निवासियों को पेयजलकी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

स्मार्ट सिटी के वॉलसिटी के वार्डों में पेयजल आपूर्ति करने का समय भी वार्डवाईज तय किया गया है, जिसमें वार्ड 15 और 34 के सैफी कॉलानी, किशनपोल, इंद्रानगर बीड़ा क्षेत्र में दोपहर 12 से 1.30 बजे तक, वार्ड 13 में खांजीपीर, खडकजी का चौक, सालवी कॉलोनी, नूरी चौक, किशनपोल में दोपहर 1.30 से 3 बजे तक, वार्ड 34 के सर्वऋतु विलास, अग्रसेन नगर, शिवाजी नगर, उदियापोल, कमलवाड़ी में दोपहर 3 से 4.30 बजे तक, वार्ड 34 के मोगरावाड़ी, सर्वऋतु विलास, शिवाजी नगर में दोपहर 4.30 बजे से 6 बजे, वार्ड 49 व 59 के रावत बुक स्टोर से वुडलैंड बापूबाजार में सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक, वार्ड 50 मेहताजी की बाड़ी क्षेत्र में सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक, वार्ड 50 व 59 के अस्थल मंदिर, सूरजपोल, खटीकवाड़ा में सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक, वार्ड 60 के रामद्वारा चौक, सीमेंट गली, मुल्ला चौक, अवाड़ा चौक, धोलीबावड़ी में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक, वार्ड 57, 59, 60 के मंडी की नाल, भोपालवाड़ी, खत्रियों की गली, कमल बैंड गली, चौधरी की गली में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक, वार्ड 50 व 59 के अमल का कांटा, खैरादीवाड़ा, मुखर्जी चौक में सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक, वार्ड 50 के कैलाश कॉलोनी, शर्मा कॉलोनी में सुबह 9.30 बजे से 10.45 बजे तक, वार्ड 49 व 60 के वुडलैड बापूबाजार से देहलीगेट तक में सुबह 9.30 बजे से 10.45 बजे तक, वार्ड 13 के कच्ची बस्ती मांछला मंगरा में शाम 7 से 8 बजे तक, वार्ड 5 और 55 के गोगावत वाड़ी, ईलाजी का नीम, महावतवाड़ी, चांदपोल, पन्नाधाय मार्ग, पुरोहितजी का खुर्रा, भैरूघाटी, बारी घाट में सुबह 4.30 बजे से 6.40 बजे तक, वार्ड 54, 58, 59 के कुम्हारवाड़ा, मुखर्जी चौक, ईमली चौक, नयाघरों का मोहल्ला, नायकवाड़ा, सिंधी बाजार, कमल गली, भडभूजा घाटी क्षेत्र में सुबह 4.30 बजे से 6.40 बजे तक, वार्ड 5, 52, 55 के जगदीश चौक से घंटाघर, लालघाट, सिटी पैलेस, गणगौर घाट, गडिया देवरा, नावघाट, पांडुवाडी, गणेशघाटी, नानीगली में सुबह 6.40 से 8.10 तक, वार्ड 51 के हेलावाड़ी में सुबह 6.40 से 8.10 तक, वार्ड 51 के रावजी का हाटा पोस्टऑफिस रोड़, कालाजी-गोराजी क्षेत्र, नाईयों की तलाई, पीपलेश्वर, पासवान गली, नजर बाग में सुबह 9.10 बजे से 10.40 बजे तक, वार्ड 53 के कसारों की ओल, टिम्बा, घाणेराव घाटी में सुबह 10.40 बजे से 12.10 तक, वार्ड 54, 56, 57 के मेहताजी की खिडक़ी, मोती चौहट्टा रोड़, मालदास स्ट्रीट, सिंघटवाड़ी, बापना गली, काजीवाड़ा, मोईदपुरा, नजम मार्ग में सुबह 10.40 बजे से 12.10 तक, वार्ड 57 के छोटा भोईवाड़ा, बड़ा भोईवाड़ा, आदेश्वर कॉलोनी, लुकमान मार्ग, कहार भोईवाड़ा, मोचियों का नोहरा, सोनियों की गली में दोपहर 12.10 से 1.40 बजे तक, वार्ड 50, 51 के गायत्री मार्ग, छोटी ब्रह्मपुरी, कानजी का हाटा में दोपहर 1.40 बजे से 3.10 बजे तक, वार्ड 53 के पिछोली क्षेत्र में दोपहर 1.40 बजे से 3.10 बजे तक, वार्ड 52, 53 के वारियों की घाटी, सोलंकियों की घाटी, उंटों का कारखाना, चिंतामणी घाटी में दोपहर 3.10 से 4.40 बजे तक, वार्ड 53, 58 के जडियो की ओल, भंडारियों का घाट, बोलियों का चौक, सोना सेहरी, दांता भैरू, श्रीनाथ मार्ग, हुमड़ों की सेहरी में दोपहर 3.10 से 4.40 बजे तक, वार्ड 54, 55 के करजाली हाउस, तंबोलियों की गली, शिवरती हाउस, गांगा गली में दोपहर 4.40 बजे से शाम 6.10 बजे तक, वार्ड 56 के सिलावटवाड़ी, खटीकवाड़ा, डाकोतवाड़ी, सुथारवाड़ा, बस्तीरामजी की बाड़ी, हाथीपोल, पन्नाधाय मार्ग, नयावाड़ा चौक में दोपहर 4.40 बजे से शाम 6.10 बजे तक, वार्ड 55 के जाटवाड़ी, चित्तौड़ों का टिम्बा, कल्लेसात, ईमलीघाट, पन्नाधाय मार्ग में शाम 7.40 बजे से 9.10 बजे तक और वार्ड 12 के नागानगरी, हनुमान घाट, नागरवाड़ी, खोड़ी ईमली, भीण्डर हवेली, बाघेरों का नोहरा, ब्रह्मपोल, अंबापोल, जाडागणेजी, अमराई रोड़ में शाम 7.40 बजे से 9.10 बजे तक पानी सप्लाई होगी।

सुख, समृद्धि, स्वास्थ धन की रक्षार्थ भगवान धन्वंतरि की करें आराधना - प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत

उदयपुर । जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन शनिवार को धनतेरस पर पंडित परमेश्वर चैबीसा के सानिध्य में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति , कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर द्वारा धन्वन्तरी, लक्ष्मी जी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश में अमन चेन, सुख शांति की कामना की।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि धन्वंतरी की पूजन के साथ ही पांच दीपावली का त्यौहार शुरू हो गया है। हमारे प्राचीन पौराणिक साहित्य में वर्णित है कि देवासुर संग्राम की पृष्ठभूमि में अमृत के लिए हुए समुद्र मंथन में चैदह रत्न निकले थे, उनमें एक रत्न भगवान धन्वंतरि थे। जिनके हाथों में अमृत कलश था। इस कारण मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक है। इसलिए धन्वंतरि को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। धन्वन्तरी के ग्रंथों की पूजा एवं उनका स्मरण मात्र से ही समस्त रोगों का नाश हो जाता है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली , परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. कला मुणेत, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, प्रवीण गुर्जर, भगवती लाल श्रीमाली, रजनी पी., डॉ. यज्ञ आमेटा, मुर्तजा अली, प्रताप सिंह सिसोदिया, उदयभा सिंह, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. जयसिंह जोधा, कालु सिंह, विकास डांगी, सिद्वार्थ सहित अनेक कार्यकर्ता ने धन की देवी लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की।

धनतेरस पर बाजारों में बरसा धन, शहरवासियों ने जमकर की खरीददारी

- चांदी के सिक्कों, ज्वैलरी, वाहनों की हुई खरीददारी

अजमेर (कासं)। दीपावली पर्व की शुरुआत धनतेरस से हो गई, दिन भर शहर के बाजारों में चहल-पहल बनी रही तो वही सर्राफा से लेकर ऑटोमोबाइल, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूजन सामठी की दुकानों पर ठाहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। अजमेर शहर में धनतेरस पर करीब 100 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ, जिससे दुकानदारों के चेहरे पर खुशी देखी गई। सुबह से लेकर शाम तक शहर के बाजार गुलजार रहे। लोगों ने पसंद की चीजें पहले से बुक करवा रखी थी, ऐसे लोग मुहूर्त में गहने, वाहन और बर्तन लेने शोरूम और दुकानों पर खरीददारी करने पहुंचे। चांदी के सिक्के, दुपहिया व चौपहिया वाहनों की हुई खरीद: सोने-चांदी के बढ़ते भावों के बावजूद चांदी के प्रति लोगों का आकर्षण बरकरार रहा। बाजार में चांदी के सिक्कों की बिक्री छोटे सिक्के 9 सौ रुपए तथा बड़े सिक्के 19 सौ से 2 हजार रुपये प्रति सिक्का के भाव बिके। सर्राफा संघ के अनुसार धनतेरस पर सोने-चांदी का कारोबार अनुमानित 25 करोड़ रुपये की चांदी और लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये के चांदी के सिक्के बिके, लाइट वेट ज्वैलरी की बिक्री में भी अच्छा इजाफा देखने को मिला। ऑटोमोबाइल बाजार में भी धनतेरस की रौनक दिखी। त्योहारी ऑफर्स के चलते दोपहिया, तिपहिया और चौपहिया वाहनों की बिक्री में 25 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। करीब दो सौ से अधिक वाहनों की एडवांस बुकिंग की गई। ठाहकों को आकर्षित करने के लिए शोरूमों को फूल-पत्तियो, बुके और रिबन से सजाया गया।

अस्थायी दुकानों में भी रौनक: शहर के मुख्य बाजार पुरानी मंडी, आगरा गेट, नया बाजार, केसरगंज और डिग्गी चौक सहित अन्य बाजारों में पूजन सामठी, खील-बताशे और पारंपरिक मिठाइयों की अस्थायी दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। त्योहार के माहौल में शहरभर में दीपावली की सजावट झलक रही थी।

दीपावली तक उत्साह का माहौल : शनिवार को धनतेरस के साथ ही दीपोत्सव का आगाज हो गया। रविवार को रूपचौदस, सोमवार को दीपावली का मुख्य पर्व, बुधवार को गोवर्धन पूजा और गुरुवार को भैया दूज मनाई जाएगी। दुकानदारों का कहना है।

सजावट प्रतियोगिता को लेकर व्यापारियों में उत्साह

उदयपुर, । चेंबर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा आयोजित दीपावली बाजार सजावट प्रतियोगिता को लेकर शहर के बाजारों एवं व्यापारियों में उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली की तैयारियों के बीच बाजारों में आकर्षक सजावट, विद्युत रोशनी और स्वच्छता की झलक हर ओर दिखाई दे रही है।

प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता के संयोजक इंदर सिंह मेहता द्वारा सजावट समिति की बैठक आयोजित कर दीपावली के दिन होने वाले निरीक्षण के रूट एवं समय को अंतिम रूप दिया । बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने की। उन्होंने बताया कि निर्णायक मंडल एवं चेंबर की टीम दीपावली के दिन सांयकाल 7.15 बजे सूरजपोल से निरीक्षण प्रारंभ करेगी तथा क्रमश: माली कॉलोनी,सेक्टर 14,अस्थल मंदिर चौराहा, मार्शल चौराहा, लक्ष्मी मंदिर भटियानी चौहट्टा, घंटाघर, बडा बाजार, सिंधी बाजार, मंडी की नाल, चेटक सर्कल, बापू बाजार, नेहरू बाजार होते हुए 10.30॰बजे सूरजपोल कंट्रोल रूम पर निरीक्षण संपन्न करेगी। प्रतियोगिता के निर्णय हेतु जिलाधीश एवं आयुक्त नगर निगम की ओर से उपायुक्त नगर निगम उदयपुर दिनेश कुमार मंडोवरा दल प्रभारी रहेंगे। दल के सदस्य के रूप में संजय मीणा (अधीक्षण अभियंता, नगर विकास प्राधिकरण) एवं राजीव सुखवाल (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा उदयपुर) रहेंगे। चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से निर्णायक समिति में जी.एल.डाड, प्रिंसिपल (पैरामेडिकल) गीतांजलि हॉस्पिटल,हेमंत चौहान (सहायक आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग उदयपुर) ,दिनेश कोठारी (सेवानिवृत्त आरएएस) तथा राहुल बडाला (निदेशक एवं प्रबंधक, बडाला क्लासेज) शामिल होंगे।

सहसंयोजक राकेश जैन एवं अशोक शाह ने बताया कि निर्णायक दल दीपावली की संध्या पर बाजारों में सफाई, रोशनी, साज-सज्जा एवं मौलिकता जैसे विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कारों के लिए विजेता बाजारों का चयन किया जाएगा। निर्णय सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखे जाएंगे, जिनकी घोषणा समिति के समक्ष बाद में की जाएगी। कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बडाला ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु सभी बाजार संगठनों द्वारा आवेदन प्रक्रियापूर्ण कर ली है।

स्कूल के बच्चों ने देखा 'रोशनी और रंगों का उदयपुर'

- आरटीओ अंडरपास पर की चित्रकारी, शिल्पग्राम में कलाकारों से मिलकर सीखी कला की बारीकियां

उदयपुर, । दीपावली से पहले झीलों की नगरी उदयपुर में जहां हर ओर रोशनी और रंगों की बहार है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र से आए बच्चों ने भी इस उत्सव में अपनी सृजनशीलता के रंग भरे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वरडा के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक और शिल्पकार हेमंत जोशी के नेतृत्व में शहर का भ्रमण किया और 'रंगत रास्ता री' कला उत्सव में भाग लिया। बच्चों ने आरटीओ अंडरपास, जिसे हाल ही में यूडीए के तत्वावधान में कला के रंगों से संवारा गया है, की दीवारों पर अपनी कल्पना के रंग उकेरे। उन्होंने लोकजीवन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सांस्कृतिक एकता जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाए, जिनमें गांव की मिट्टी की सादगी और सृजन की चमक झलकती है। इस दौरान उत्सव संयोजक सुनील एस. लड्ढा ने बताया कि 'रंगत रास्ता री' की सबसे बडी उपलब्धि यही रही कि इसने कला को गांवों तक पहुंचाया और ग्रामीण प्रतिभाओं को शहर के मंच से जोडा। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की कल्पना और उत्साह इस बात का प्रमाण हैं कि कला किसी एक स्थान या सुविधा की मोहताज नहीं, यह तो हर दिल में बसती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप आमेटा ने बताया कि विद्यार्थियों को इस अवसर पर फतहसागर, शिल्पग्राम और शहर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया। बच्चों ने शिल्पग्राम में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों से कला निर्माण की बारीकियों को समझा और उनकी प्रेरक यात्रा सुनी।

10 हजार दीयों से आज जगमगाया प्रताप गौरव केन्द्र

- केन्द्र में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष बडा दीपक प्रज्वलित किया गया। इसके बाद हुई आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप एवं हल्दीघाटी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई

उदयपुर, । उदयपुर का प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' शनिवार को धनतेरस पर शनिवार को 10 हजार दीयों से जगमगा उठा। केन्द्र में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष बडा दीपक प्रज्वलित किया गया। इसके बाद हुई आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप एवं हल्दीघाटी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मेवाड क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अशोक सिंह मेतवाला ने किया। इसके बाद वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के उपाध्यक्ष सुभाष भार्गव, उपाध्यक्ष मदन टांक, महामंत्री पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पुरोहित, मंत्री महावीर चपलोत आदि ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया और उनके दीप प्रज्वलित करते ही कार्यकर्ताओं व शहर से परिवार सहित आए गणमान्यजनों ने पूरे परिसर में दीप प्रज्वलन किया। सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर के तहत गौरव केन्द्र के 100 अलग-अलग कोनों में 10॰-10 दीपक प्रज्वलित किए गए। चूंकि, यह वर्ष हल्दीघाटी विजय का 45॰वां वर्ष है, इसके तहत मेवाड के रणबांकुरों के शौर्य व ऐतिहासिक प्रतिमानों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी निरंतर रहेगी। दीपोत्सव के तहत गौरव केन्द्र परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया है। दीप प्रज्वलन के बाद आतिशबाजी भी की गई।

उदयपुर में मेकई जगहों पर वाहनों की नो एंट्री

उदयपुर, ।उदयपुर शहर में शनिवार से यातायात पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया है। शहर के कई इलाकों में फोर.व्हीलर वाहनों की नो एंट्री कर दी गई है। इसके तहत संबंधित बाजार और इलाकों में फोर.व्हीलर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि धनतेरस के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था देर रात तक बदली रहेगी। यह बदलाव बाजारों और आयोजन वाले इलाकों के लिए किए गए हैं।उदयपुर का बापूबाजार जहां शाम चार बजे बाद चारपहिया वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।ट्रैफिक डिप्टी अशोक आंजना ने बताया कि भट्टियानी चौहट्टा के महालक्ष्मी मंदिर में महालक्ष्मी दर्शन और अन्नकूट महोत्सव के कारण वहां भीड़ रहेगी।

नई रेल लाइन के फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मिली मंजूरी

उदयपुर, (का.स.)। रेलवे द्वारा राजस्थान के महत्वपूर्ण क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन से देवगढ़ मदारिया को वाया टोडगढ़-रावली को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए नई लाइन के कार्य हेतु फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी प्रदान की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार मारवाड़ जंक्शन . देवगढ़ मदारिया वाया टोडगढ़ - रावली,72 किलोमीटर नई लाइन के लिए फ़ाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी प्रदान की गई है। ऽ

फ़ाइनल लोकेशन सर्वे के कार्य के लिए 11.75 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह रेल लाइन राजसमंद,उदयपुर पाली और आसपास के क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी। साथ ही क्षेत्र का अहमदाबाद और जयपुर के मध्य भी सम्पर्क स्थापित होगा।

देवगढ़ मदरिया और टोडगढ़ जैसे पर्यटन क्षेत्र अब तक सीमित परिवहन साधनों पर निर्भर रहे हैं। यह प्रस्तावित रेल मार्ग इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाएगा ।

इस नई रेल लाइन के निर्माण से टोडगढ़ और देवगढ़ जैसे ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक रेल मार्ग के माध्यम से पहुंच और सुगम होगी। साथ ही व्यापार,कृषि और स्थानीय उद्योगों के लिए नए परिवहन का विकल्प उपलब्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि नाथद्वारा-देवगढ़ मदारिया,82 किलोमीटर रेल लाइन का 969 करोड़ रुपए की लागत के साथ गेज परिवर्तन कार्य प्रगति पर है।इन कार्यों के होने से क्षेत्र का जयपुर, दिल्ली, उदयपुर, अहमदाबाद, मुंबई सहित देश के प्रमुख शहरों से सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा।

मारवाड़ जंक्शन-. देवगढ़ मदारिया वाया टोडगढ़-रावली, 72 किलोमीटर नई लाइन के लिए फ़ाइनल लोकेशन सर्वे पूरा होने के बाद परियोजना की वित्तीय और तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर कार्य स्वीकृत रेलवे बोर्ड स्वीकृति हेतु प्रेषित की जाएगी।

रेलवे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए कार्य किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक रेल सुविधाएँ प्राप्त हो सके।

BLOCK DEVELOPMENT OFFICE
Panchayat Samiti Deogarh (District Rajsamand)

S.No.: 2025-2026/1270 Date:16.10.2025

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Works. Details about Tender Specification cost EMD tender Inviting and receiving dates etc available at https://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan. gov in

NIB No. ZRR2526A0463
UBN NO. ZRR2526WSRC00716

Block Development Officer
Panchayat Samiti Deogarh